नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

श्रद्धांजली

श्री गोविंदलालजी अग्रवाल

(पुर्व अध्यक्ष, एन.वी.सी.सी.)

श्री मथुराप्रसादजी गोयल

(पुर्व अध्यक्ष, एन.वी.सी.सी.)

श्रीमती भावना बागड़ी

(चेंबर के कार्यकारिणी सदस्य श्री विक्रांतजी बागड़ी की धर्मपत्नी)

श्रीमती गोदावरी गोवर्धनदास अग्रवाल

(चेंबर के कानूनी मानद सलाहकार सी.ए. उमंग अग्रवाल की माताजी)

श्रीमती रत्नादेवी सत्यनारायण अग्रवाल

(चेंबर के सदस्य रोहित अग्रवाल (मेसर्स रोहित स्टील एंड इंडस्ट्रीज) की माताजी)

श्री विनायक करोले

(अध्यक्ष, भारतीय स्वर्णकार समाज)

श्री संजय खुले

(चेंबर के सदस्य)

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

1. स्वर्गीय शिवरतनजी काबरा की स्मृती में आयोजित रक्तदान शिबिर में चेंबर की उपस्थिती :

दि. 18 दिसंबर 2022 को कार्यकारिणी सदस्य श्री संतोष काबरा ने अपने पिताश्री स्वर्गीय श्री शिवरतनजी काबरा की स्मृती में रक्तदान शिबीर का आयोजन किया था। जिसमें चेंबर के पुर्व अध्यक्ष श्री अश्विन प्रकाश मेहाड़िया, पुर्व सचिव श्री रामअवतार तोतला, कार्यकारिणी सदस्य श्री मनोज लटुरिया एवं संतोष काबरा ने अपनी उपस्थिती दर्ज करायी।

2. नागपुर शहर के चारों ओर ट्रक टर्मिनल्स बनाने हेतु सरकार को प्रतिवेदन :

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री माननीय श्री एकनाथजी शिंदे, केन्द्रीय मंत्री माननीय श्री नितीनजी गडकरी एवं उपमुख्यमंत्री माननीय श्री देवेन्द्रजी फडणवीस को लिखित प्रतिवेदन द्वारा मांग करते हुये कहा कि वर्तमान में नागपुर शहर में लॉजीस्टिक हब तेजी से विकसित होने से एवं इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ने से ट्रांसपोर्टेशन भी काफी बढ़ गया है, किंतु इन ट्रांसपोर्ट के ट्रकों की पार्किंग हेतु नागपुर शहर के अंदर एवं बाहर जगह निश्चित न होने के कारण ट्रांसपोर्टरों एवं ट्रक ड्रायवरों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नागपुर शहर के बाहर ट्रको की पार्किंग हेतु निश्चित जगह न होने के कारण सड़कों के किनारे ही ट्रक पार्क किए जाते है। जिससे शहर की परिवहन व्यवस्था भी बिगड़ रही रही है तथा सड़क दुर्घटनाओं की भी संभावनाएं बहुत अधिक बढ़ गई है। अतः शासन–प्रशासन ने नागपुर शहर के चारों दिशाओं में ट्रक टर्मिनल्स बनाने का कार्य जल्द से जल्द शुरू कराने की व्यवस्था कराना चाहिये।

3. श्री अजितदादा पवार (विपक्ष नेता, महाराष्ट्र राज्य) से चेंबर के प्रतिनिधीमंडल की मुलाकात :

दि. 19 दिसंबर 2022 को महाराष्ट्र राज्य के विपक्ष नेता श्री अजितदादा पवार से चेंबर के पुर्व उपाध्यक्ष श्री स्वप्निल अहिरकर, पुर्व कोषाध्यक्ष श्री सचिन पुनियानी, पुर्व सहसचिव श्री राजवंतपाल सिंग तुली ने श्री अनिलजी अहिकर (उपाध्यक्ष, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, महाराष्ट्र) के साथ मुलाकात कर विभिन्न व्यापारीक मुद्दों पर चर्चा करते हुये उन्हें नागपुर मेट्रो स्टेशनों पर व्यापारियों द्वारा

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

बुक किए गए ब्लॉक्स के किराए संबंधी परेशानियों एवं नागपुर शहर के चारों ओर ट्रक टर्मिनल्स की आवश्यकता एवं उनसे संबंधी परेशानियों पर चर्चा की।

श्री अजितदादा पवार ने चेंबर के सभी निवेदनों को ध्यान से सुना एवं ट्रक टर्मिनल्स की विस्तृत जानकारी हेतु नागपुर सुधार प्रन्यास के सभापति श्री मनोजकुमार सुर्यवंशी से फोन पर भी चर्चा की।

4. श्री पार्थजी पवार (युवा उद्योजक) से चेंबर के प्रतिनिधीमंडल की मुलाकात :

दि. 19 दिसंबर 2022 को श्री पार्थजी पवार (युवा उद्योजक) से चेंबर के पुर्व उपाध्यक्ष श्री स्वप्निल अहिरकर, पुर्व कोषाध्यक्ष श्री सचिन पुनियानी, पुर्व सहसचिव श्री राजवंतपाल सिंग तुली ने श्री अनिलजी अहिकर (उपाध्यक्ष, नेशनल कांग्रेस पार्टी, महाराष्ट्र) के साथ मुलाकात कर विभिन्न व्यापारीक मुद्दों पर चर्चा की। श्री पार्थ जी पवार ने चेंबर के सभी कार्यो की बहुत सराहना की एवं कहा कि उन्हें आशा है कि चेंबर इसी तरह भविष्य में भी व्यापारिक हितार्थ कार्य करता रहेगा।

5. नागपुर सुधार प्रन्यास नागपुर शहर के चारों ओर ट्रक टर्मिनल्स बनाने हेतु सरकार को प्रतिवदेन :

दि. 20 दिसंबर 2022 को चेंबर के पुर्व अध्यक्ष श्री अश्विन प्रकाश मेहाड़िया के साथ पुर्व उपाध्यक्ष स्वप्निल अहिरकर, पुर्व सहसचिव श्री राजवंतपाल सिंग तुली ने नागपुर शहर के चारों ओर ट्रक टर्मिनल्स बनाने हेतु नागपुर सुधार प्रन्यास (NIT) के सभापति श्री मनोजकुमारजी सुर्यवंशी को प्रतिवेदन दिया।

6. श्री कलगीधर सत्संग मंडल द्वारा आयोजित सामुहिक प्रार्थना सप्ताह में चेंबर की उपस्थिती:

दि. 22 दिसंबर 2022 को चेंबर श्री कलगीधर सत्संग मडल के तत्वाधान में श्री गुरू गोविंद सिंगजी की 356वी जयंती निमित्त जरीपटका नागपुर में शुभ इच्छाओं की पूर्ति हेतु सामुहिक प्रभु सिमरन प्रार्थना व सप्ताह पाठ का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर के NVCC के पुर्व उपाध्यक्ष श्री अर्जुनदास आहुजा व पुर्व सहसचिव राजवंतपाल सिंग तुली ने उपस्थिती दर्ज करवायी।

7. नवभारत टाइम्स द्वारा आयोजित महाराष्ट्र के मंत्रीमंडल के साथ get together में चेंबर के पदाधिकारीगण आमंत्रित:

दि. 22 दिसंबर 2022 को नवभारत समाचारपत्र द्वारा उनके कार्यालय में महाराष्ट्र राज्य के नवनियुक्त मंत्रीमंडल के साथ get together का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें प्रमुखता से महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री श्री एकनाथजी शिंदे, उपमुख्यमंत्री श्री देवेन्द्रजी फडणवीस एवं मंत्रीगण व विधायक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में चेंबर की ओर से पुर्व अध्यक्ष श्री अश्विन प्रकाश मेहाड़िया एवं पुर्व सचिव श्री रामअवतार तोतला ने सहभाग लिया।

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

8. दैनिक भास्कर के स्थापना दिवस कार्यक्रम में चेंबर आमंत्रित :

दि. 22 दिसंबर 2022 को दैनिक भास्कर के स्थापना के 2 दशक पूर्ण होने के उपलक्ष में होटल सेंटर पांइट में स्थापना दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें प्रमुखता से महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री श्री एकनाथजी शिंदे, उपमुख्यमंत्री श्री देवेन्द्रजी फडणवीस एवं मंत्रीगण व विधायक उपस्थित थे। चेंबर की ओर से सर्वश्री पुर्व अध्यक्ष – अश्विन प्रकाश मेहाड़िया, बी.सी. भरतियाजी, प्रकाशजी वाधवानी, IPP हेमंतजी गांधी, पुर्व उपाध्यक्ष – अर्जुनदास आहुजा, फारूकभाई अकबानी, स्वप्निल अहिकर, पुर्व सचिव – रामअवतार तोतला, पुर्व सहसचिव – शब्बार शाकिर, राजवंतपाल सिंग तुली, दीपक अग्रवाल एवं पुर्व जनसंपर्क अधिकारी – हेमंत सारडा उपस्थित थे।

9. अंतरराष्ट्रीय यात्रा में RTPCR टेस्ट अनिवार्य करने बाबत :

दि. 24 दिसंबर 2022 को चेंबर के पुर्व उपाध्यक्ष श्री स्वप्निल अहिरकर के पुर्व सहसचिव श्री राजवंतपाल सिंग तुली ने नागपुर एयरपोर्ट ॲथारिटी को अंतरराष्ट्रीय यात्रा के समय RTPCR टेस्ट अनिवार्य करने हेतु निवेदन दिया।

उन्होंने प्रतिवेदन में कहा कि वर्तमान में कोरोना का वेरिएंट आने से चीन में पुनः कोरोना संक्रमण तेजी बढ़ रहा है। 2 वर्ष पुर्व कोरोना संक्रमण के कारण संपूर्ण विश्व के साथ–साथ भारत में भी जनमानस को बहुत अधिक परेशानियों को सामना करना पड़ा था। प्रवासी यात्रियों के कारण भारत में पुनः कोरोना संक्रमण न फैले, एयरपोर्ट प्रशासन ने इसके लिए सुरक्षात्मक कदम उठाते हुये कोविड नियमों के पालन के साथ–साथ अंतरराष्ट्रीय यात्रा के समय सभी यात्रियों के लिऐ RTPCR टेस्ट अनिवार्य करना चाहिए तथा एयरपोर्ट पर निश्चित शुल्क पर RTPCR टेस्ट कराने की व्यवस्था भी करानी चाहिये।

10. चेंबर के प्रतिनिधीमंडल द्वारा मा. सुधीरजी मुनगंटीवार, मा. गिरीषजी महाजन एवं राहुल नार्वेकरजी को प्रतिवेदनः

दि. 26 दिसंबर 2022 को चेंबर के पुर्व अध्यक्ष के श्री अश्विन प्रकाश मेहाड़िया व पुर्व सचिव श्री रामअवतार तोतला ने पदाधिकारीगण के साथ विधान भवन, नागपुर में महाराष्ट्र राज्य मंत्री श्री सुधीरजी मुनगंटीवार, श्री गिरीष महाजन, विधानसभा अध्यक्ष श्री राहुलजी नार्वेकर से मुलाकात कर एल.बी.टी. की प्रक्रिया को समाप्त करने एवं अन्य व्यापारिक मुद्दो पर प्रतिवेदन देकर चर्चा की। इस अवसर पुर्व कोषाध्यक्ष – श्री सचिन पुनियानी, पुर्व सहसचिव – श्री राजवंतपाल सिंग तुली, दीपक अग्रवाल, पुर्व जनसंपर्क अधिकारी – हेमंत सारडा एवं प्रशासकीय पत्राचार उपसमिती के संयोजक श्री सुरज सिंह ठाकुर भी उपस्थित थे।

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

11. विदर्भ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (VIA) द्वारा Maharashtra Pollution Control Board, के साथ चर्चासत्र में चेंबर आमंत्रित:

दि. 29 दिसंबर 2022 को विदर्भ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (VIA) द्वारा **Maharashtra Pollution Control Board,** मुंबई के पदाधिकारियों के साथ चर्चासत्र का आयोजन किया गया था। जिसमें चेंबर के पुर्व उपाध्यक्ष श्री स्वप्निल अहिरकर ने चेंबर की ओर श्री सोनटक्के (**Dept. Head, Water Pollution Control Board, Mumbai**) व श्री बी.एन. मोटघरेजी (**Water Pollution Control Board, Mumbai**) का पुष्पगुच्छ व दुपट्टा देकर सत्कार किया एवं नॉन–ओवन बेग संबंधी नियमों राहत देने हेतु महाराष्ट्र सरकार को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर गांजाखेत–गोलीबार व्यापार संगठन के श्री अनीस खानजी भी उपस्थित थे।

जब महाराष्ट्र सरकार ने प्लास्टिक बंदी की थी चेंबर द्वारा सर्वप्रथम नॉन ओवन बॅग को प्लास्टिक बंदी से बाहर रखने हेतु मांग की थी और तत्कालीन सरकार को इस हेतु कई बार प्रतिवेदन भी दिए थे। जिसके लिए चेंबर के पुर्व उपाध्यक्ष श्री स्वप्निल अहिरकर, नॉन ओवन बॅग एसोसिएशन के पदाधिकारी श्री अनीस खान एवं श्री विधान भरतिया एवं सभी पदाधिकारी ने पूर्ण सहयोग किया। जिसके परिणाम स्वरूप वर्तमान में नॉन ओवन बॅग संबंधी नियमों राहत प्रदान की है।

12. महाराष्ट्र सिंधु विकास संस्था द्वारा आयोजित श्रद्धांजली सभा में चेंबर की उपस्थिती : महाराष्ट्र सिंधु विकास संस्था द्वारा दि. 1 जनवरी 2023 को जरीपटका में मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी की माताजी श्रीमती हीराबेन मोदी को श्रद्धांजली अर्पित करने के लिये श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया था। जिसमें चेंबर के पुर्व अध्यक्ष श्री अश्विन प्रकाश मेहाड़िया, उपाध्यक्ष श्री अर्जुनदास आहुजा, पुर्व कोषाध्यक्ष श्री सचिन पुनियानी, पुर्व सहसचिव श्री राजवंतपाल सिंग तुली, कार्यकारिणी सदस्य, प्रताप मोटवानी, श्री दौलत कुंगवानी, श्री सलीम अजानी, श्री विजय केवलरामानी ने पुष्प अर्पित कर स्वर्गीय श्रीमती हीराबेन मोदीजी को श्रद्धांजली अर्पित की।

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

13. शगुन एक्झीविशन फेअर में चेंबर के पदाधिकारी आमंत्रितः

दि. 2 जनवरी 2022 को शगुन एक्झीविशन फेअर का श्री गोविंद राठी एवं तृप्ती राठी द्वारा आयोजन किया गया था। जिसमें चेंबर के पुर्व अध्यक्ष श्री अश्विन प्रकाश मेहाड़िया एवं पुर्व सचिव श्री रामअवतार तोतला ने अपनी उपस्थिती दर्ज करायी।

14. लोकमत मीडिया द्वारा विदर्भ क्षेत्र गणमान्य उद्योगपतियो, व्यापारियों एवं व्यापार संगठन के पदाधिकारियों के साथ चर्चासत्र :

दि. 3 जनवरी 2022 को लोकमत मीडिया द्वारा लोकमत भवन में मा. श्री विजयजी दर्डा (राज्यसभा सांसद) के नेतृत्व में विदर्भ क्षेत्र के आर्थिक विकास एवं व्यापार वृद्धि में आ रही परेशानियों एवं कठिनाईयों पर चर्चा करने हेतु विदर्भ के गणमान्य उद्योगपतियों, व्यसायियों एवं शहर की प्रमुख व्यापार संगठन की चर्चासत्र का आयोजन किया गया था। जिसमें पुर्व अध्यक्ष श्री अश्विन प्रकाश मेहाड़िया ने चेंबर की ओर से विभिन्न व्यापारिक मुद्दों पर चर्चा की।

15. BNI Nagpur Premier League 2023 में चेंबर के अध्यक्ष श्री प्रमुख अतिथी के रूप में आमंत्रित :

दि. 4 जनवरी 2023 को BNI द्वारा Nagpur Premier League 2023 का आयोजन किया गया। जिसमें चेंबर के पुर्व अध्यक्ष श्री अश्विन प्रकाश मेहाड़िया ने प्रमुख अतिथी के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित होकर BNI को इस आयोजन हेतु बधाई दी एवं सभी खिलाड़ियों को शुभकामनांए दी।

16. महाराष्ट्र राज्य पुलिस स्थापना दिवस के कार्यक्रम चेंबर के पदाधिकारीगण आमंत्रित :

दि. 6 जनवरी 2022 को लक्ष्मी भवन, धरमपेठ में महाराष्ट्र राज्य पुलिस स्थापना दिवस कार्यक्रम में चेंबर के समस्त

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

पदाधिकारीगण एवं कार्यकारिणी मंडल को आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप में चेंबर के पुर्व अध्यक्ष श्री अश्विन प्रकाश मेहाड़िया, उपाध्यक्ष श्री अर्जुनदास आहुजा, पुर्व कोषाध्यक्ष सचिन पुनियानी एवं कार्यकारिणी सदस्य श्री सलीम अजानी कैट टीम के अध्यक्ष किशोर धाराशिवकर उपस्थित थे।

17. **DRUCC की मींटिग में चेंबर की उपस्थिती :** दि. 6 जनवरी 2022 को मध्य रेल्वे की DRUCC की सभा आयोजित की गयी जिसमें। चेंबर के पुर्व सचिव व DRUCC सदस्य श्री रामअवतार तोतला ने सहभाग लेकर रेल्वे संबंधी विभिन्न मुद्दों को सभा में रखकर चर्चा में भाग लिया।

18. **JCI Nagpur Pharma के उद्घाटन समारोह में पुर्व अध्यक्ष श्री अश्विन प्रकाश मेहाड़िया आमंत्रित :** दि. 8 जनवरी 2022 को JCI Nagpur Pharma के उद्घाटन समारोह में चेंबर के पुर्व अध्यक्ष श्री अश्विन प्रकाश मेहाड़िया को प्रमुख अतिथी के आमंत्रित किया गया था। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित होकर JCI Nagpur को तद्हेतु बधाई दी।

19. **Orange City Garment Fair में पुर्व अध्यक्ष श्री अश्विन मेहाड़िया एवं पुर्व सचिव श्री रामअवतार तोतला मुख्य अतिथी के रूप में आमंतित्र :**



दि. 10 व 11 जनवरी 2022 को दिवसीय ऑरेंज सिटी गॉरमेंट फेअर का रजवाडा पैलेस, गांधीसागर में आयोजन किया गया। जिसमें चेंबर के पुर्व अध्यक्ष श्री अश्विन प्रकाश मेहाड़िया एवं पुर्व सचिव श्री रामवतार तोतला द्वारा मुख्य अतिथी के रूप में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

20. **जीरो मॉईल मेट्रो स्टेशन के ब्लॉक्स बाबत मेट्रो के डायरेक्टर श्री ब्रजेशजी दीक्षित से चेंबर के प्रतिनिधीमंडल की मुलाकातः**

दि. 13.01.2023 को विदर्भ के 13 लाख व्यापारियों की अग्रणी व शीर्ष संस्था नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पुर्व अध्यक्ष श्री अश्विन प्रकाश (मेहाड़िया) ने पुर्व उपाध्यक्ष श्री स्वप्निल अहिरकर एवं पुर्व सचिव श्री रामअवतार तोतला व प्रतिनिधीमंडल के साथ नागपुर महामेट्रो कॉरपोरेशन के डायरेक्टर श्री ब्रजेशजी दीक्षित से उनके कार्यालय में मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर प्रतिवेदन दिया।

प्रतिवेदन में चेंबर ने श्री ब्रजेशजी दीक्षित को बताया कि मेट्रो ने व्यापारियों को जीरो मॉईल स्टेशन के ब्लॉक मई 2022 को सौंपे थे उसके बाद ही मेट्रो द्वारा इन ब्लॉक का किराया लागू कर दिया था। जबकि मेट्रो की grid attach दिसंबर 2022 में हुई है। अतः इन ब्लॉक्स का जुलाई 2022 से दिसंबर 2022 तक 6 महीनों का किराया माफ किया जाये या

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

आगे महीनों के किराये में उतनी रकम कम ली जाये। मेट्रो स्टेशन पर इलेक्ट्रीक या इलेक्ट्रानिक्स सामान के अलावा अन्य वस्तुओं की दुकाने भी खोलने के अनुमती देते हुये जीरो माईल के मेट्रो स्टेशन पर बुनियादी सुविधाएं जैसेः– पार्किंग, इलेक्ट्रीसिटी आदि की व्यवस्था को सुचारू करवाये ताकि यात्री मेट्रो स्टेशन पर आए एवं इन व्यापारियों का व्यापार बढ़े।

श्री ब्रजेशजी दीक्षित ने चेंबर के पदाधिकारीमंडल से चर्चा करने के बाद सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुये आश्वासन दिया कि मेट्रो स्टेशन के ब्लॉक्स संबंधी चेंबर के निवेदन पर मेट्रो प्रशासन से चर्चा कर सकारात्मक उठायेगा। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य व संयोजक नागपुर मेट्रो समिती श्री विरेन्द्र चांडक, कार्यकारिणी सदस्य व सहसंयोजक नागपुर मेट्रो समिती श्री मोहन चोईथानी व मेट्रो ब्लॉक्स एसोसिएशन के श्री साहिब अलख भी उपस्थित थे।

21. लोकमत चौपाल के कार्यक्रम में उपस्थिती :

दि. 13.01.2023 को लोकमत समाचार पत्र की द्वारा शहर का सभी क्षेत्र के विकास पर चर्चा करने हेतु शासकीय व प्रशासकीय अधिकारियों एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ लोकमत चौपाल का आयोजन किया। जिसमें चेंबर पुर्व अध्यक्ष श्री अश्विन प्रकाश अग्रवाल (मेहाड़िया) एवं पुर्व सचिव श्री रामअवतार तोतला सहभाग लेकर शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने हेतु सुझाव देते हुये उद्यानों व मैदानों के रखरखाव एवं सड़कों सुधारीकरण व ट्राफिक व्यवस्था को ठीक रखने का सुझाव दिया।

22. **Aly India Renewable Energy Association,** द्वारा **Climate Change and Energy Literacy Awareness** कार्यक्रम में चेंबर की उपस्थिती :

दि. 13 जनवरी 2023 को **Aly India Renewable Energy Association,** द्वारा **Climate Change and Energy Literacy Awareness** पर साई सभागृह ऑडोरिअम, शंकरनगर में चर्चासत्र का आयोजन किया गया। जिसमें चेंबर के पुर्व अध्यक्ष श्री अश्विन प्रकाश मेहाड़िया को अतिथी के रूप में आमंत्रित किया था। उन्होंने

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

कार्यक्रम के प्रमुख प्रवक्ता 'सोलरमेन या सोलर गांधी' के नाम मशहुर डॉ. चेतन सिंग सोलंकी व अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वल कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस सेमिनार में डॉ. चेतन सिंग सोलंकी व उनकी टीम ने सोलर एवं रिन्युल एनर्जी की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी।

23. वर्ष 2023–24 हेतु प्रस्तावित बजट हेतु चेंबर द्वारा सुझाव प्रेषित :

दि. 14.01.2023 को वर्ष 2023–24 हेतु प्रस्तावित बजट के लिए चेंबर के पुर्व अध्यक्ष श्री अश्विन प्रकाश अग्रवाल (मेहाड़िया) के नेतृत्व में चेंबर द्वारा वित्त मंत्रालय को प्रतिवेदन प्रेषित किया गया। प्रतिवेदन में चेंबर ने मांग करते हुये कहा कि कि चेंबर द्वारा काफी समय से व्यक्तिगत आय में आयकर के प्रावधान से छूट की सीमा बढ़ाने की मांग की जा रही है। लघु व मध्यम व्यापारियों तथा नौकरीपेशा व्यक्ति के हितों को ध्यान में रखते हुये वार्षिक आय के लिऐ व्यक्तिगत आयकर मे निम्न राहत देना चाहिये :–

रू. 5 लाख तक वार्षिक आय को – पूर्णत छूट, रू. 5 लाख से अधिक व 10 लाख तक –10% रू. 10 से 20 लाख तक की वार्षिक आय – 20%, रू. 20 लाख से अधिक आय के लिए – 30% की दर से आयकर निश्चित करना चाहिये तथा साथ ही नए प्रावधान u/s 115BAC के अनुरूप विभिन्न आयकर दरों में फेरबदल करना चाहिये। साथ ही सरचार्ज के दरों में भी बदलाव प्रस्तावित है तथा u/s 87A के तहत व्यक्तिगत करदाता को रू. 5लाख की वार्षिक आय के कर निश्चित छुट देनी चाहिये।

सरकार ने कंपनियों के लिये आयकर की दर 25% तय की है तथा पार्टनरशिप फर्म के लिये 30% आयकर की दर है। सरकार ने छोटी कंपनियों की तरह पार्टनरशिप फर्म के लिये भी आयकर की दर 25% करना चाहिये। आयकर के प्रावधान 44AD के तहत पार्टनरशिप फर्म में पार्टनरों को फर्म से अपना मानधन तथा उसके ब्याज पर भी आयकर में छुट देना चाहिये।

आयकर के प्रावधान 234A, 234B व 234C के तहत करदाता को आयकर के विभिन्न प्रावधानों पर ब्याज का भुगतान करना पड़ता है। अतः सरकार ने वर्तमान बाजार की आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये प्रावधान 234A, 234B व 234C के तहत भुगतान व ब्याज की दरों का पुनः आकलन कर आम जनता व व्यापारियों को राहत देना चाहिये।

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

राष्ट्रीय पेंशन व्यवस्था (NPS) के सेक्शन 36(1) के अनुसार करदाता को अपने वेतन का 10% भुगतान करना होता है जबकि वर्तमान में केन्द्र सरकार ने इसे बढ़ाकर 14% कर दिया है अतः राष्ट्रीय पेंशन व्यवस्था (NPS) के नियमों में एकरूपता बनाये रखने के लिऐ पुनः 10% ही किया जाना चाहिये।

वर्तमान में न्युनतम वैकल्पिक कर(MAT) तथा वैकल्पिक न्युनतम कर(AMT) की दर 18.5% है जो कि बहुत अधिक है। जिसे कम कर 10% करना चाहिये। न्युनतम वैकल्पिक कर(MAT) तथा वैकल्पिक न्युनतम कर(AMT) के प्रावधान में बदलाव कर उद्योगों व व्यापारियों को राहत देना चाहिये। साथ ही सरकार ने बचत को प्रोत्साहित करने के लिये आयकर के प्रावधान 80C व 80D में आवश्यक बदलाव कर इसकी न्युनतम सीमा में भी बढ़ोतरी कर 3,00000/– चाहिये। वेतन पर आयकर की सीमा को रू. 50 हजार से बढ़ाकर 1लाख करना चाहिये।

आयकर के रिर्टन के प्रावधान के अनुसार करदाताओं को 30 दिनों में आयकर रिर्टन का e-verify करना होता है। सभी छोटे व मध्यम व्यापारियों के पास e-verification के लिऐ सभी तकनीकी साधन उपलब्ध न होने के कारण वह आयकर रिर्टन को e-verify नहीं कर पाता है जिसके कारण विभाग उनके रिर्टन को अवैध घोषित कर देता है। अतः विभाग ने ऐसे व्यापारियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुये समय सीमा के बाद भी आयकर रिर्टन को e-verify करने का मौका प्रदान करना चाहिये।

वर्तमान में किसी भी प्रापर्टी की खरीद या निर्माण कार्य 5 वर्षो के अंदर पूर्ण न हो पाया है तो रू. 2 लाख के लोन पर ब्याज की छुट मिलती है। इस छुट की निर्धारित समय सीमा अवधि के बाद भी 2 वर्षो तक बढ़ाया जाना चाहिये। सरकार ने युके, ऑस्ट्रेलिया व कनाडा जैसे देशो से प्रतिस्पर्धा करने के लिए भारतीय IT क्षेत्र की कंपनियों प्रोत्साहित करने के लिए उनके अनुसंधान में हुये व्यय में 125% की कटौती की छुट देनी चाहिए।

वर्तमान में कृषि भूमि को हस्तातंरण के समय MAT u/s 115JB के तहत कर लागू किया जाता है जबकि कृषि भूमि पूंजीगत संपत्ती के अंतर्गत नहीं आती। अतः कृषि भूमि के हस्तातरंण को कर निर्धारण से बाहर रखा जाना चाहिये। Section 79 of Income Tax Act, 1961 के तहत व्यापार में हो रहे नुकसान के तहत कर समाप्ति की समय को 8 वर्ष से बढ़ाकर 12 वर्ष किया जाना चाहिये। Section 270A के अनुसार उचित कारण होने पर लगाये जुर्माने का हटाया जाना चाहिऐ तथा साथ ही Section 273B में भी संशोधन किया जाना चाहिये। Section 47(xiiib) of Income Tax Act, 1961 के LLPs का

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

Companies में रूपातरंण में बहुत कठिनाई आती है अतः LLPs का कंपनी के रूप रूपांतरण के प्रावधान की सीमाओं पुनः विचार करना चाहिए।

MSME युनिट का आवश्यक अनुपालनों जैसेः– आयकर के टीडीएस/टीसीएस, जीएसटी के RCM आदि बाहर रखा चाहिऐ। deemed dividend rules (section 2(22e) of Act) में राहत देना चाहिये। असेसमेंट को पारदर्शी एवं निष्पक्ष रखने के लिऐ असेसमेंट अधिकारी द्वारा भूलचूक से कोई गलत आदेश पारित हो जाता है तो विभाग द्वारा करदाता हो हुये मानसिक एवं आर्थिक नुकसान की भरपाई की जानी चाहिये।

दिन–प्रतिदिन करों के अनुपालनों के नियम व प्रावधान सख्त होते जा रहे है जिसके कारण करदाता को जीएसटी में ITC को claim करने में बहुत कठिनाई आ रही है। अतः इसके सके प्रावधानों में सरलीकरण किया जाना चाहिये। कर अपील के समय सीमा को 90 से बढ़ाकर 180 दिन किया जाना चाहिए तथा appellate authority को राहत देने योग्य वास्तविक मामलों में माफ करने के अधिकार देना चाहिए। जीएसटी की विभिन्न दरों को समाप्त कर 2 से 3 दरों को ही लागू करना चाहिए। जीएसटी असेसमेंट एवं ऑडिट के निश्चित नियम बनाए जाने चाहिए एवं असेसमेंट अधिकरियों द्वारा उसके तहत ही असेसमेंट किया जाना चाहिए। भुगतान की देरी में ब्याज की दर को 24 से घटाकर 6% किया जाना चाहिए। जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं रिफंड के कार्यो को कम से कम 3 दिनों में पूर्ण किए जाने चाहिऐ। जी.एस.टी. के लंबित मामलों को एकमुश्त निपटारा करने के लिए सरकार ने वैट तरह की जी.एस.टी. की अभय योजना भी लाकर व्यापारियों को राहत प्रदान करना चाहिये।

वर्तमान छोटे व मध्यम करदाताओं के पास सभी तकनीकी साधन उपलब्ध नहीं हो पाते है जिससे उन्हें Faceless assessment करने में बहुत परेशानी होती है। अतः रू. 50 करोड़ से अधिक है वार्षिक टर्न ओवर करदाताओं के लिए Faceless assessment अनिवार्य करना चाहिये। Faceless assessment के मामलों को निपटाने के लिए Income Tax Appellate Tribunal (ITAT) की व्यवस्था की है। इस प्रभावी बनाने के लिए सरकार ने ITAT में छोटे मामलों को निपटारा किया जाना चाहिए तथा धीरे – धीरे इसमें बड़े मामलों को भी शामिल किया जाना चाहिए।

चेंबर ने माननीय केन्द्रीय वित्त मंत्री महोदया श्रीमती निर्मला सीतारमनजी व केन्द्र सरकार ने निवेदन करते हुये कहा कि लघु व मध्यम व्यापारी वर्ग अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण घटक है अतः जिस तरह सरकार किसानों व मजदुर वर्ग के लिये भी राहत पैकेज की घोषणा करती है उसी तरह लघु व मध्यम व्यापारी वर्ग को प्रोत्साहन देने हेतु समृद्धि पैकेज की घोषणा करना चाहिये।

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

24. लोट्स कल्चर एंड स्पोर्टिंग एसोसिएशन एवं MYFM द्वारा आयोजित 'खिचड़ी व पतंग उत्सव' में चेंबर के पदाधिकारियों की उपस्थिती :

दि. 15.01.2023 को मकर संक्रांति के महापर्व के अवसर पर चेंबर के पुर्व महापौर श्री दयाशंकरजी तिवारी के नेतृत्व में लोट्स कल्चर एंड स्पोर्टिंग एसोसिएशन एवं MYFM द्वारा संयुक्त तत्तवाधान में वंदेमात्रम उद्यान परिसर, बजरिया में 'खिचड़ी व पंतग उत्सव' का आयोजन किया गया। जिसमें एक ही पात्र में अंतरराष्ट्रीय शेफ श्री विष्णुजी मनोहर द्वारा 1100 किलो की खिचड़ी का का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुखता से पुर्व अध्यक्ष श्री अश्विन प्रकाश मेहाड़िया उनके धर्मपत्नी श्रीमती स्वर्णा अग्रवाल, पुर्व कोषाध्यक्ष श्री सचिन पुनियानी व पुर्व सहसचिव श्री राजवंतपाल सिंग तुली ने उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लिया।

25. नाग विदर्भ सेंट्रल सिंधी पंचायत द्वारा आयोजित महारोग निदान शिविर में चेंबर में आमंत्रित :

दि. 15.01.2023 को नगरसेवक श्री सुरेशजी जग्यासी के नेतृत्व में नाग विदर्भ सेंट्रल सिंधी पंचायत द्वारा महारोग निदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर मे चेंबर के संचालक मंडल के पुर्व उपाध्यक्ष श्री अुर्जनदास आहुजा के साथ कार्यकारिणी सदस्य श्री मोहन चोईथानी, मनोहरलाल आहुजा ने अपनी उपस्थिती दर्ज करायी।

26. कार्यकारिणी सदस्य दादा श्री विजयजी केवलरामानी को जन्मदिवस की बधाई :

दि. 15.01.2023 को चेंबर के कार्यकारिणी सदस्य श्री दादा विजयजी केवलरामानी के जन्मदिवस के अवसर पर उनके कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में चेंबर के पुर्व अध्यक्ष श्री अश्विन प्रकाश अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ देकर उन्हें जन्मदिन की बधाई देकर निरोगी स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की ईश्वर से कामना। इस अवसर पर चेंबर के पुर्व उपाध्यक्ष श्री अर्जुनदास आहुजा, पुर्व कोषाध्यक्ष श्री सचिन पुनियानी, पुर्व सहसचिव श्री राजवंतपाल सिंग तुली, व कार्यकारिणी सदस्य श्री मोहन चोईथानी ने भी उन्हें जन्मदिन की बधाई।

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

27. महामेट्रो के जनरल मैंनेजर श्री संदीपजी बापट को जीरो माईल स्टेशन के ब्लाक्स संबंधी प्रतिवेदन :

दि. 14.01.2023 को चेंबर द्वारा महामेट्रो के संदीपजी बापट (जनरल मैंनेजर, प्रापर्टी विकास, महाराष्ट्र) को प्रतिवेदन देकर जीरो माईल के मेट्रो स्टेशन के कर्मिशियल ब्लॉक के गत 6 माह किराये को माफ करने तथा मेट्रो स्टेशन पर अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा इलेक्ट्रानिक्स व इलेक्ट्रीकल्स सामान के अलावा अन्य वस्तुओं की दुकाने खोलने की अनुमती हेतु प्रतिवेदन दिया।

28. महाराष्ट्र के मा. उपमुख्यमंत्री श्री देवेन्द्रजी फडणवीस द्वारा चेंबर के नववर्ष केलेण्डर का अनावरण :

दि. 22 जनवरी 2023 को विदर्भ के 13 लाख व्यापारियों की अग्रणी व शीर्ष संस्था नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पुर्व अध्यक्ष श्री अश्विन प्रकाश अग्रवाल (मेहाड़िया) ने पुर्व सचिव श्री रामअवतार तोतला व चेंबर के पदाधिकारियों के साथ महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री मा. श्री देवेन्द्रजी फडणवीस के देवगिरी के कार्यालय में सदिच्छा भेंट देकर नववर्ष की शुभकामना व बधाई देकर उनसे चेंबर के नववर्ष 2023 के केलेण्डर का अनावरण करने का निवेदन किया। श्री देवेन्द्रजी फडणवीस ने उपस्थित चेंबर के पदाधिकारियों के साथ चेंबर के नववर्ष के केलेण्डर का अनावरण किया।

इस अवसर पर चेंबर के सर्वश्री – पुर्व अध्यक्ष – अश्विन प्रकाश अग्रवाल (मेहाड़िया), पुर्व सचिव – रामअवतार तोतला, पुर्व कोषाध्यक्ष – सचिन पुनियानी, पुर्व सहसचिव –राजवंतपाल सिंग तुली, दीपक अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य – संतोष काबरा व मनोज लटुरिया उपस्थित थे।

29. नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा गणतंत्र दिवस पर झंडा वंदन का आयोजनः

विदर्भ के 13 लाख व्यापारियों की अग्रणी व शीर्ष संस्था नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा 74वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में चेंबर के अध्यक्ष श्री अश्विन प्रकाश मेहाड़िया के हस्ते चेंबर प्रांगण में झंडा वंदन का कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। चेंबर के पुर्व अध्यक्ष श्री अश्विन प्रकाश मेहाड़िया ने झंडा वंदन कर, चेंबर के माध्यम से सभी व्यापारी भाईयों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनांए दी एवं कहा कि वर्ष 2015 में राज्य सरकार ने इस कानून को खत्म कर दिया था, किंतु इस LBT असेसमेंट की वर्तमान में भी प्रक्रिया समाप्त नहीं हुई है उसके लिए व्यापारियों को अव्यवहारिक

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

डिमांड नोटिस भेजे जा रहे हैं अब विभाग द्वारा व्यापारियों के बैंक खाते सील करने जा रहे है। जिससे व्यापारी बहुत ही परेशान है।

चेंबर के संचालक मंडल के पुर्व उपाध्यक्ष श्री अर्जुनदास आहुजा ने कहा कि चेंबर आज इस मंच से सरकार से मांग करता है कि जिन व्यापारियों के बैंक खाते सील किये है उन्हें पुनः चालू करवाये तथा एल.बी.टी. असेसमेंट की इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द समाप्त कर व्यापारियों को राहत प्रदान करें।

इस अवसर पर प्रमुखता से चेंबर के सर्वश्री – पुर्व अध्यक्ष – अश्विन प्रकाश मेहाड़िया, पुर्व उपाध्यक्ष – अर्जुनदास आहुजा, फारूकभाई अकबानी, स्वप्निल अहिरकर, पुर्व कोषाध्यक्ष – सचिन पुनियानी, पुर्व सहसचिव – शब्बार शाकिर, दिपक अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य – अमित अग्रवाल, मधुर बंग, मनोज लटुरिया, मोहन चोईथानी, मनोहरलाल आहुजा, राजन अग्रवाल, राकेश आहुजा, सुशील झाम, विकेश अग्रवाल, योगेश भोजवानी, हजारीलाल अग्रवाल, प्रकाश हेडा, विशेष आमंत्रित – आनंद मेहाड़िया, देवेन्द्र तिवारी, हरमनजीत सिंग बावेजा, जगदीश तोतला, ॲड. निखिल अग्रवाल, राहुल जैन, रमेश लालवानी, राजु अरोरा, आरिफ शेख व व्यापारी भाई उपस्थित थे।

30. NVCC ने MSEDCL द्वारा बिजली की दरों को बढ़ाने हेतु प्रस्तावित नई नीति का किया पुरजोर विरोध :

MSEDCL ने राज्य में बिजली की दरें बढ़ाने हेतु महाराष्ट्र विद्युत नियामक आयोग (MERC) को नई नीति प्रस्तावित की है। जिसका विदर्भ के व्यापारियों की अग्रणी संस्था नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पुर्व अध्यक्ष श्री अश्विन प्रकाश मेहाड़िया के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जोरदार विरोध दर्शाया है एवं MERC को प्रतिवेदन देकर प्रस्तावित नई दरों को लागू न करने का निवेदन किया है। प्रतिवेदन में चेंबर ने कहा कि यदि MSEDCL द्वारा प्रस्तावित बिजली की दरों को एम.ई.आर.सी. लागू कर देती है तो आमजनता, छोटे व मझोले व्यापारियों एवं उद्योग को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में महाराष्ट्र राज्य में अन्य पड़ोसी राज्यों की तुलना में बिजली की दरें बहुत अधिक है। पड़ोसी राज्य में बिजली की दर कम होने के कारण राज्य के अधिकतर उद्योग व व्यापार हमारे पड़ोसी राज्य जैसे छत्तीसगढ़

एवं मध्यप्रदेश की ओर पलायन कर रहे है। पहले ही आमजनता व व्यापारी समुदाय गत वर्षो से कोरोना महामारी के कारण आर्थिक परेशानियों से अबतक उबर नहीं पाया है फंड की कमी और आर्थिक परेशानियों से जूझ रहा है और ऐसे में MERC द्वारा बिजली की दरों में वृद्धि की जाती है तो जनमानस एवं व्यापारी समुदाय पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और जिसके परिणाम स्वरूप महंगाई में भी वृद्धि होगी।

जिस प्रकार राज्य सरकार द्वारा कुछ उद्योगों व कोल्ड स्टोरेज को कम दर पर बिजली व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है उसी तरह कृषि आधारित कोल्ड स्टोरेज व उद्योगों एवं व्यवसायों को भी कम दर बिजली एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना चाहिये तथा MSEDCL द्वारा प्रस्तावित नवीकरणीय ऊर्जा नीति को रद्द करते हुये बिजली के बिल में फिक्स चार्ज, इलेक्ट्रीक ड्युटी व फिक्स चार्ज को हटाया जाना चाहिये जिससे व्यापारी अपने व्यापार का विकास कर राज्य के आर्थिक विकास में अधिक सहयोग प्रदान कर सके।

31. एन.वी.सी.सी ने हर्षोल्लास के साथ मनाया होली मिलन :

दि. 07 मार्च 2023 को विदर्भ के व्यापारियों की अग्रणी व शीर्ष संस्था नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने NCLT द्वारा नियुक्त प्रशासक श्री यु.सी. नाहटाजी की अनुमति से चेंबर के कार्यक्रम के आयोजक श्री उमेश पटेल के आव्हान पर बड़ी मात्रा में व्यापारियों ने प्रस्तावित चेंबर भवन के प्रांगण में उपस्थित होकर शाम 5.00 बजे होली दहन व मिलन का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया।

कार्यक्रम के आयोजक श्री उमेश पटेल के निवेदन पर चेंबर के पुर्व अध्यक्ष श्री दिपेनजी अग्रवाल के साथ श्री रमेशकुमार मंत्री, श्री गोविंदलालजी सारडा, श्री श्रीगोपालजी सोनी, श्री रजनीकांतजी गरिबा, श्री मुरलीजी सुरजन, श्री निलेशजी सुचक, IPP श्री हेमंत गांधी ने मिलकर चेंबर में हो रहे आर्थिक घोटालों, अनियमितताओं, असंवैधानिक व मनमानी कार्यप्रणाली की होली का दहन किया।

कार्यक्रम के आयोजक श्री उमेश पटेल ने चेंबर की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित सभी पुर्व अध्यक्षों को होली पर्व की बधाई दी एवं कहा कि हम इस शुभ अवसर पर ईश्वर से प्रार्थना करते है कि जल्द से जल्द चेंबर में चल रही अनियमितताएं समाप्त होकर तथा चेंबर अपने पुराने गौरव को पुनः प्राप्त करें तथा सही मायने में व्यापारियों की आवाज बनकर चेंबर व्यापारी समुदाय के हितार्थ कार्य करे।

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

इस अवसर पर प्रमुखता से चेंबर के सदस्य सर्वश्री – संजय के. अग्रवाल, फारूकभाई अकबानी, शब्बार शाकिर, राजवंतपाल सिंग तुली, दीपक अग्रवाल, हेमंत सारडा, मोहन चोईथानी, सुर्यकांत अग्रवाल, रामकिशोर काबरा, मनोज लटुरिया, संतोष काबारा, विजय चांडक, मनु सोनी, राजेश लखोटिया, राजु माखीजा, संजय नबिरा, कमलेश समर्थ, अशोक वाघवानी, सदस्य व प्रिटिंग व इलेक्ट्रानिक मीडिया से पत्रकार बंधु बड़ी मात्रा में उपस्थित थे।

32. प्रशासक यु.सी. नाहटा ने कहा चेंबर सदैव व्यापारियों के साथ है :



नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रशासक श्री यु.सी. नाहटा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से चेंबर से संलग्न सभी व्यापारियों से अनुरोध किया है कि चेंबर सदैव व्यापारिक हितार्थ कार्य करता आया है और आगे भी व्यापारिक हितार्थ कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भी चेंबर के किसी भी सदस्य को व्यापार संबंधित शासन–प्रशासन, सरकारी या गैर सरकारी संस्थाओं से कोई भी समस्या या परेशानी हो तो इसकी सूचना चेंबर को दे सकते है। चेंबर उनकी व्यापारिक समस्याओं को हल करने हेतु उनका पूर्ण सहयोग करेगा। साथ ही प्रशासक ने व्यापारी भाईयों से ज्यादा से ज्यादा मात्रा में जुड़कर चेंबर को मजबूत संगठन बनाने में सहयोग करने का आव्हान भी किया।

33. NVCC के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस के अवसर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन:

दि. 15 अगस्त 2023 को देश के 77वां स्वततंत्रता दिवस के अवसर पर व्यापारियों की अग्रणी व शीर्ष संस्था नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रांगण में प्रशासक श्री यु.सी. नाहटा के निर्देशानुसार उनके प्रतिनिधी सी.ए. प्रसाद के धारप के नेतृत्व में चेंबर के सदस्यों की उपस्थिती में ध्वाजारोहण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

सी.ए. प्रसाद धारप ने सर्वप्रथम चेंबर के पुर्व अध्यक्ष श्री प्रफुलभाई दोशीजी, श्री निलेशजी सुचक, श्री हेमंतजी गांधी एवं सदस्यों की उपस्थिती में तिरंगा झंडा फहराया। सी.ए. प्रसादजी धारप ने चेंबर के सदस्यों को संबोधित करते हुये कहा कि किसी भी संस्था में किसी भी परिस्थितियों में सदस्यों के हितार्थ सतत संस्था की गतिविधियां शुरू रहनी चाहिये। चेंबर में जो कानूनी प्रक्रिया शुरू है वे अपना जगह शुरू रहेंगी, साथ ही चेंबर व्यापार हितार्थ गतिविधियां भी शुरू रहनी चाहिए। इसके

लिए सदस्यों के जो भी सुझाव / प्रस्ताव है वे मुझे दे। वे उन सुझावों / प्रस्तावों को प्रशासक के समक्ष रखेंगे और यदि वे चेंबर तथा व्यापार के हित में होगे तो उन्हें अमल में लाया जायेगा।

चेंबर के पुर्व अध्यक्ष श्री निलेशजी सुचक, श्री हेमंतजी गांधी एवं फारूकभाई अकबानी ने उनके इस प्रस्ताव का स्वागत किया। इस अवसर पर चेंबर सदस्य श्री सचिन पुनियानी, श्री गजानंद गुप्ता, श्री मुधर बंग, श्री मोहन चोईथानी, श्री मनोज लटुरिया, सी.ए. रितेश मेहता, श्री सलीम अजानी, श्री सुर्यकांत अग्रवाल, श्री रामकिशोर काबरा, नितीन जैन, श्री विजय चांडक, श्री देवेन्द्र तिवारी, श्री रमेश लालवानी, श्री आरिफ शेख व योगेश बंग उपस्थित थे।

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष – सन् 1944 से 2021–23

Shri Gopaldas Mohta
PRESIDENT. 1944-1954

Shri Narsinhdas Mor
PRESIDENT. 1955-1956

Shri Khushaldas Daga
PRESIDENT. 1957

Shri Durgaprasad Saraf
PRESIDENT. 1958

Shri Hanumanprasad Navatiya
PRESIDENT. 1959-1960, 1962-1964

Shri Dayabhai Sutaria
PRESIDENT. 1961

Shri Vithaldas Rathi
PRESIDENT. 1965-1966

Shri Abbas Ali Kamal
PRESIDENT. 1967



Shri Govindlal Agrawal
PRESIDENT. 1968

Shri Ranchoddas Mohta
PRESIDENT. 1969

Shri Govardhandas Daga
PRESIDENT. 1970-1971

Shri Babubhai Kamdar
PRESIDENT. 1972-1973

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

Shri V. D. Loya
PRESIDENT. 1974

Shri H. M. Shukla
PRESIDENT. 1975-1976

Shri K. N. Shama
PRESIDENT. 1977-1978

Shri Kailashchandra Agrawal
PRESIDENT. 1979-1980

Shri Bhajanlal Dudeja
PRESIDENT. 1981-1982



Shri Vasantrai H. Vora
PRESIDENT. 1983-1984, 1990-1991



Shri Prataprai M. Pandhi
PRESIDENT. 1985-1986



Shri Daryanomal Jani
PRESIDENT. 1987

Shri RameshKumar Mantri
PRESIDENT. 1988-1989, 1989-1990

Shri Tarachand Raoka
PRESIDENT. 1991-1992, 1992-1993



Shri Govindlal Sarda
PRESIDENT. 1993-1994

Shri Prafulbhai Doshi
PRESIDENT. 1994-1995, 1995-1996

Shri Shreegopal Soni
PRESIDENT. 1996-1997

Shri Rajnikant R. Gariba
PRESIDENT. 1997-1998

Shri Mathuraprasad Goyal
PRESIDENT. 1998-1999, 1999-2000

Shri Murlidhar Surjan
PRESIDENT. 2000-2001, 2001-2002

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

Shri Radheshyam Sarda
PRESIDENT. 2002-2003

Shri B. C. Bhartia
PRESIDENT. 2003-2007

Shri Suresh Bhojwani
PRESIDENT. 2007-2008

Shri Prakash Wadhwani
PRESIDENT. 2008-2009

Shri Hemant Khungar
PRESIDENT. 2009-2010

Shri Nilesh Suchak
PRESIDENT. 2010-2011

Shri Jagdish V. Bang
PRESIDENT. 2011-2012

Shri Dipen Agrawal
PRESIDENT. 2012-2014

Shri Mayur Panchmatiya
PRESIDENT. 2014-2015

Shri Prakash Mehadia (Agrawal)
PRESIDENT. 2015-2017

Shri Hemant Gandhi
2017-18, 2018-19

Shri Ashwin Prakash Agrawal
(Mehadia)
2019-20 to 2022-23

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव– सन् 1944 से 2021–23

१.	श्री रामानंद झा	--	१९४४ - ६२
२.	श्री एम. एम. हिर्लेकर	--	१९४४ - ४५
३.	श्री बी. के. रामाचार	--	१९५५ - ५६
४.	श्री महादेव मोदी	--	१९५६
५.	श्री बजरंगलाल गोयनका	--	१९५६ - ५७
६.	श्री रमेशचंद्र डी सुतारिया	--	१९६० - ६१
७.	श्री शंकरलाल गांधी	--	१९६१ - ६३
८.	श्री विट्ठलदास राठी	--	१९६४ - ६५
९.	श्री केशवदेव बजाज	--	१९६५ - ६६
१०.	श्री बी. डी. लोया	--	१९६७ - ६९
११.	श्री एच.एम. शुक्ला	--	१९७० - ७१
१२.	श्री के.एन. शर्मा	--	१९७२ - ७३
१३.	श्री बी. के. बागडी.	--	१९७४ - ७५
१४.	श्री कैलाशचंद्र अग्रवाल	--	१९७५ - ७६
१५.	श्री ग्वालदास चांडक	--	१९७७ - ७८
१६.	श्री वसंतराव एच. वोरा	--	१९७९ - ८०
१७.	श्री प्रतापराय पांधी	--	१९८१ - ८२
१८.	श्री दर्यानोमल जानी	--	१९८३ - ८४
१९.	श्री सुरेश भोजवानी	--	१९८५ - ८६
२०.	श्री विनयकुमार भार्गव	--	१९८७ - ८८
२१.	श्री ताराचंद रावका	--	१९८८ - ८९, १९८९ - ९०
२२.	श्री श्रीगोपाल सोनी	--	१९९१ - ९२, १९९२ - ९३
२३.	श्री रजनीकांत आर. गरीबा	--	१९९३ - ९४
२४.	श्री मथुराप्रसाद गोयल	--	१९९४ - ९५, १९९५ - ९६
२५.	श्री मुरलीधर सुरजन	--	१९९६ - ९७
२६.	श्री विक्रमभाई शाह	--	१९९७ - ९८
२७.	श्री बी.सी. भरतिया	--	१९९८ - ९९, १९९९ - २०००
२८.	श्री प्रकाश वाधवानी	--	२०००-०१, २००१ - ०२, २००२ -०३
२९.	श्री विरेन्द्र चांडक	--	२००३-०४
३०.	श्री हेमंत खुंगर	--	२००४ - ०५, २००५-०६
३१.	श्री अनिल जैन	--	२००६-०७
३२.	श्री जगदीश वी. बंग	--	२००७ -०८, २००८ - ०९
३३.	श्री प्रकाश मेहाड़िया	--	२००९ - १०
३४.	श्री दिपेन अग्रवाल	--	२०१० - ११
३५.	श्री अर्जुनदास आहुजा	--	२०११ -१२
३६.	श्री हेमंत गांधी	--	२०१२ - १३, २०१३ - १४

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

३७.	श्री मनुभाई गांधी	--	२०१४ - १५
३८.	श्री जयप्रकाश पारेख	--	२०१५ - १६, २०१६ - २०१७
३९.	श्री संजय के. अग्रवाल	--	२०१७ - १८, २०१८ - १९
४०.	श्री रामअवतार तोतला	--	२०१९-२०,२०२०-२१, २०२१-२३

चेंबर के कोषाध्यक्ष

१.	श्री अजय कुमार मदान	--	२०१०-११, २०११-१२
२.	श्री चुनीभाई शाह	--	२०१२-१३
३.	श्री राजु व्यास	--	२०१३-१४, २०१४-१५, २०१५-१६
४.	श्री सचिन पुनियानी	--	२०१६-१७ से २०२२-२३

उपसमितियाँ

चेम्बर के कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए विभिन्न विषयों से संबंधित अलग-अलग उपसमितियाँ बनाई गई। इन उपसमितियों के सहयोग से चेम्बर ने अपना कार्य सुचारू रूप से चलाया।

क्र.	उपसमिती का नाम	संयोजक व सहसंयोजक का नाम
१.	वित्त एवं बँकिग उपसमिती	सी.ए. गिरीष मुंदडा व श्री गोपीकिशन सोनी
२.	रेल्वे उपसमिती	श्री प्रताप मोटवानी व सी.ए.संदीप जोतवानी
३.	प्रत्यक्ष कर समिती	सी.ए. श्री संदीप जोतवानी व सी.ए. श्री यश वर्मा
४.	खाद्य मानक, सुरक्षा व औषध उपसमिती	श्री ॲड.निखील अग्रवाल व श्री प्रभाकर देशमुख
५.	स्थानीय व राज्य स्तरीय मुद्दा समिती	श्री हेमंत गांधी व श्री अश्विन चौरसिया
६.	ऊर्जा (बिजली) उपसमिती	श्री फारूकभाई अकबानी व श्री गजानंद गुप्ता
७.	कर्मचारी व दुकान (आस्थापना) कानून उपसमिती	श्री नारायण तोष्णीवाल व श्री मोहन गट्टानी
८.	नागरिक विमानन उपसमिती	श्री मुधर बंग व श्री करण पाटनी
९.	मीडिया उपसमिती	श्री सचिन पुनियानी व श्री राजवंतपाल सिंग तुली
१०.	आयात-निर्यात उपसमिती	श्री स्वप्निल अहिरकर व श्री अभिषेक झा
११.	अप्रत्यक्ष कर उपसमिती	सी.ए. श्री रितेश मेहता
१२.	सांस्कृतिक व मनोरंजन उपसमिती	श्री अर्जुनदासजी आहुजा व श्री संतोष काबरा
१३.	सोशल मीडिया उपसमिती	श्री मधुर बंग व श्री राकेश गांधी

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

१४.	कानूनी मामलें की उपसमिती	श्री शब्बार शाकिर व श्री हेमंत सारडा
१५.	भवन परिसर उपसमिती	श्री आनंद मेहाड़िया व श्री जगदीश तोतला
१६.	स्टार्टअॅप बिजनेस एवं इनोवेशन उपसमिती	श्री बी. सी. भरतियाजी व श्री स्वप्निल अहिरकर
१७.	कानून एवं व्यवस्था उपसमिती (Law & Order)	श्री राजवंतपाल सिंग तुली व श्री हुसैन अजानी
१८.	नागपुर मेट्रो उपसमिती	श्री विरेन्द्र चांडक व श्री मोहन चोईथानी
१९.	वजन-माप उपसमिती	श्री भवानीशंकर दवे व श्री हेमंत अतलकर
२०.	NMRDA उपसमिती	श्री हेमंत गांधी
२१.	ट्रांसपोर्ट समन्वय उपसमिती	श्री हरमन बावेजा
२२.	सामाजिक समन्वय उपसमिती	श्री मनोज लटुरिया व श्री मोहन चोईथानी
२३.	कोविड टास्क फोर्स समिती	श्री महेशकुमार कुकडेजा
२४.	सरकारी योजना उपसमिती	श्री राकेश गांधी
२५.	सरकारी पत्र व्यवहार उपसमिती	श्री सुरजसिंह ठाकुर
२६.	सिंगल युज्ड प्लास्टिक उपसमिती	श्री विधान भरतिया
२७.	कौशल विकास उपसमिती	सी.ए. रितेश मेहता

चेंबर के मानद सलाहकार

1. ॲडव्होकेट श्री आनंद जैस्वाल
2. ॲडव्होकेट श्री जगदीश अग्रवाल
3. ॲडव्होकेट श्री शैलेश एस. द्विवेदी
4. ॲडव्होकेट श्री अरूण अग्रवाल
5. ॲडव्होकेट श्री जयंत पेंढारकर
6. ॲडव्होकेट श्री अजय सोमानी
7. ॲडव्होकेट श्री शांतनु घाटे
8. ॲडव्होकेट श्री प्रदीप बी. अग्रवाल
9. ॲडव्होकेट श्रीमती अदिती वजुरकर
10. सी.ए. श्री ललित व्ही. लोया
11. सी.ए. श्री उमंग अग्रवाल
12. सी.ए. श्री महेश लालवानी
12. सी.एस. श्रीमती पिंकुष जयस्वाल

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

चेम्बर के सदस्यगण

	दि.३१/०३/२०२२ को कुल सदस्य		दि. ३१/०३/२०२३ को कुल सदस्य	
	आजीवन	सामान्य	आजीवन	सामान्य
व्यक्तिगत/पार्टनरशिप फर्म	१०६	५७९	१२१	६०९
लिमिटेड कंपनी	२०	८८	२६	९४
व्यावसायिक संगठन	२४	२६	२८	३६
कुल सदस्य	१५०	६९३	१७५	७४७

व्यापारिक क्षेत्र के प्रतिनिधि के रूप में चेम्बर को सरकार से मान्यता प्राप्त है। सरकार एवं विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा गठित समितियों में चेम्बर को प्रतिनिधित्व प्राप्त है। जिनके माध्यम से चेम्बर के सदस्यों की समस्याएं एवं सुझाव सरकार तक प्रेषित किये जाते है।

१. श्री अश्विन मेहाड़िया - सदस्य : झेड.आर.यु.सी.सी., मध्य रेल्वे

२. श्री हेमंत गांधी - सदस्य : मिहान सलाहकार समिती

३. श्री अर्जुनदास आहुजा - सदस्य : शहर स्तरीय सलाहकार मंच (CLAF)

४. श्री रामअवतार तोतला - सदस्य : डी.आर.यु.सी.सी. (मध्य रेल्वे) नागपुर व नगर पथविक्रेता समिती (Town Wending Committee)

५. श्री प्रताप मोटवानी - सदस्य : जेड.आर.यु.सी.सी., दक्षिण-पुर्व-मध्य, रेल्वे

५. श्री सचिन पुनियानी - प्रतिनिधी : माथाड़ी बोर्ड, नागपुर

६. श्री नारायण तोष्णीवाल - प्रतिनिधी : माथाड़ी बोर्ड (भविष्य निधी समीतीवर मालक/कामगार), नागपुर

: चेंबर के अंकेक्षक :

मेसर्स के.के. मानकेश्वर अन्ड कंपनी
(चार्टर्ड अकाऊन्टंट) वेस्ट हाय कोर्ट रोड, धरमपेठ, नागपुर.

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

कार्यकारिणी समिती में व्यापार संगठनों से मनोनीत प्रतिनिधी २०२२-२३

अनु.क्र.	व्यापार संगठन के नाम	मनोनीत प्रतिनिधी के नाम
१.	दि होलसेल ग्रने ॲन्ड सीड्स मर्चेन्ट्स एसोसिएशन	श्री आशीष अग्रवाल
२.	दि नागपुर इतवारी किराणा मर्चेन्ट्स एसोसिएशन	श्री हरिष कृष्णानी
३.	दि नागपुर होलसेल होजयरी रेडीमेड गारमेंट्स मर्चेन्ट्स वेलफेअर एसोसिएशन	श्री विनय जैन
४.	दि होलसेल क्लॉथ यार्न मर्चन्ट्स एसोसिएशन	
५.	दि नागपुर स्टैनलैस स्टील ॲन्ड मेटर मर्चेन्ट्स एसोसिशएन	श्री अमित चौरिया
६.	नागपुर डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट ॲन्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन	श्री योगेन्द्रकुमार अग्रवाल
७.	स्टील ॲन्ड हार्डवेअर चेंबर ऑफ विदर्भ	
८.	स्टोन मर्चेन्ट्स एसोसिएशन	श्री राजेश अग्रवाल
९.	ऑल इंडिया (नागपुर) ट्रांसपोर्ट संघ	श्री एच.एल.नेहरा
१०.	ऑटोमोबाईल डिलर्स एसोसिएशन	श्री योगेश अग्रवाल
११.	भारतीय स्वर्णकार समाज एसोसिएशन	श्री ओंकारेश्वर निळकंठराव गुरव
१२.	कॅन्वासिंग एजेन्ट्स वेलफेर एसोसिएशन	श्री विनोद माखारिया
१३.	कंज्युमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्युटर्स एसोसिएशन	श्री समित जैन
१४.	क्रेडाई नागपुर मेट्रो	श्री हेमल नाडियाना
१५.	सेन्ट्रल इंडिया सर्जिकल डीलर्स एसोसिएशन	श्री विजय चांडक
१६.	दि इलेक्ट्रीकल मर्चेन्ट्स एसोसिएशन	श्री विजय चांडक
१७.	दक्षिण पश्चिम नागपुर व्यापारी संघ	श्री अमित अशोक त्यागी
१८.	धंतोली व्यापारी एसोसएिशन	श्री जयेश कोठारी
१९.	गड्डीगोदाम दुकानदार संघ	श्री प्रकाश जैस
२०.	घास बाजार स्टील एसोसिएशन	श्री धर्मवीर शर्मा
२१.	हार्डवेअर डीलर्स एसोसिएशन	श्री जोयेब अब्बास अली
२२.	होम ॲप्लायन्सेस मर्चेन्ट्स एसोसिएशन	श्री सुभाष पी. अग्रवाल
२३.	जागनाथ रोड मर्चेन्ट्स एसोसिएशन	श्री राजेश मुनियार
२४.	जाफर नगर व्यापारी एसोसिएशन	श्री असलम खान
२५.	जरीपटका दुकानदार संघ	श्री अनिल माखीजानी
२६.	मेमिनपुरा ट्रेडर्स वेलफेअर एसोसिएशन	श्री अमजद हुसैन
२७.	महाराष्ट्र राज्य वजन माप परवाना धारक संघ	श्री संजय संतोष गुप्ता
२८.	मेघा बिजनेस सी एंड एफ सुपर डिलर्स एसोसिएशन	श्री अनुप रमेश अग्रवाल
२९.	महाराष्ट्र स्वर्णकार संस्था	श्रीकांत भंडारकर
३०.	नागपुर अग्रो एड्स डिलर्स एसोसिएशन	श्री विजय लोहिया
३१.	नागपुर टी मर्चन्ट्स एसोसिएशन	श्री शंभुदयाल टेकरीवाल

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

अनु.क्र.	व्यापार संगठन के नाम	मनोनीत प्रतिनिधी के नाम
३२.	नागपुर टेन्ट एसोसिएशन	श्री बाबाभाई सादिक
३३.	नागपुर बीडी एन्ड टोबॅको मर्चेन्ट्स एसोसिएशन	श्री मिनलभाई पटेल
३४.	नवयुवक सराफा एसोसिएशन	श्री अंशुल हरडे
३५.	नागपुर फर्निचर ट्रेडर्स वेलफेअर एसोसिएशन	श्री संजय (टिटु) अग्रवाल
३६.	नागपुर मिल ॲन्ड मशीनरी मर्चेन्ट्स एसोसिएशन	श्री अनिल मंत्री/ओम चोखानी
३७.	दि नागपुर चिलीस मर्चेन्ट्स एसोसिएशन	श्री संजय वाधवानी
३८.	नागपुर डिस्ट्रीक्ट एग्रो ॲन्ड डिलर्स एसोसिएशन	श्री निशिकांत पद्मावर
३९.	नागपुर बारदाना मर्चेन्ट्स एसोसिएशन	श्री मधुसूदन सारडा
४०.	नागपुर पेंट मर्चेन्ट्स एसोसिएशन	श्री राजेन्द्र अग्रवाल
४१.	नागपुर व्हीकल ब्रोकर्स एसोसएिशन	श्री अतुल चोटाई
४२.	नाग विदर्भ फ्लॉय ऍश ब्रिकर्स मेन्युफ्रेक्चरर एसोसिएशन	श्री कैलाश गोलछा
४३.	न्यु मंगलवारी बिनाकी व्यापारी संघ	श्री चंद्रकांत बारापात्रे
४४.	नागपुर हॉटेल आनेर्स एसोसएिशन	श्री नारायणदास राटी
४५.	म.न.पा. मार्केट फेडरेशन	श्री संजय नबिरा
४६.	ऑक्ट्रॉय फ्री झोन वेअरहाऊसिंग सोसायटी ि ल.	श्री नंदकिशोर झाबर
४७.	प्रिन्टर्स गिल्ड एसोसिएशन	श्री अमिल बिसने/सचिन घाडगे
४८.	रेल्वे स्टेशन दलाल एसोसिएशन	श्री भास्कर डी अंबादे
४९.	सोना चांदी ओली कमेटी	श्री राजेश रोकडे
५०.	सीताबर्डी मर्चेन्ट्स एसोसिएशन	श्री हुसैन नुरल्लाह अजानी
५१.	सीताबर्डी व्यापारी संघ (मध्य)	श्री कृष्णकांत गुप्ता
५२.	सिताबर्डी मैनरोड (लोहापुल) व्यापारी संघ	श्री प्रकाश माहुले
५३.	सदर बाजार व्यापार संघ	श्री योगेश गोलछा
५४.	सेन्ट्रल इंडिया कोल डिलर्स एसोसिएशन	श्री राजेन्द्र बंसल
५५.	दि नागपुर टिम्बर मर्चेन्ट्स एसोसिएशन	श्री राजेश बी. ढेंगे
	दि होलसेल पोहा मुरमुरा मर्चन्ट्स एसोसिएशन	श्री उमेश शाहू
५६.	दि नागपुर जनरल मर्चेन्ट्स एसोसिएशन	श्री पंकज पडिया
५७.	दि ऑइल मर्चेन्ट्स एसोसिएशन	श्री पुरूषोत्तम फुलवानी
५८.	दि पेपर टेड्रर्स एसोसिएशन	श्री ललीत सुद
५९.	दि नागपुर इतवारी मल्याली मर्चन्ट्स एसोसिएशन	श्री शिवप्रताप रामबहादुर सिंह
६०.	दि विदर्भ प्लास्टिक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन	श्री निशांत बिरला
६१.	विदर्भ पेट्रोलियम डिलर्स एसोसिएशन	श्री अमित गुप्ता
६२.	विदर्भ ऑटोमाबाईल डिलर्स एसोसिएशन	श्री अनुज पांडे

नाग विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स

वार्षिक अहवाल २०२२-२३

अनु.क्र.	व्यापार संगठन के नाम	मनोनीत प्रतिनिधी के नाम
६३.	विदर्भ फुड इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन	श्री विजय पोटे
६४.	विदर्भ फुड कॅम्प्युटर ॲन्ड मिडिया डिलर्स वेलफेअर एसोसिएशन	श्री दिनेश नायडु
६५.	विदर्भ डाईज ॲन्ड केमिकल मर्चेन्ट्स एसोसिएशन	श्री उमेश सुरजन
६६.	विदर्भ प्लायवुड मर्चेन्ट्स एसोसिएशन	श्री नितीन जैन
६७.	विदर्भ पेन एन्ड स्टेशनर्स एसोसिएशन	श्री निळकंठ आदमने
६८.	नाग विदर्भ ट्रान्सपोर्ट कमिशन एजेन्ट एसोसिएशन	श्री आशिफखान हाजी रूशमखान
६९.	विदर्भ दाल मिलर्स एसोसिएशन	श्री संजय अग्रवाल
७०.	विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (अकोला)	श्री रामाकांत खांडेलवाल
७१.	विदर्भ रूरल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन	श्री निरज खख्खर
७२.	व्हीकल हायर पर्चेस एसोसिएशन	श्री धारज मालू
७३.	वाडी वेअरहाऊस डेव्हलपर्स एसोसिएशन	श्री आनंद मेहाड़िया
७४.	वॉच डिलर्स एसोसिएशन	श्री वेदप्रकाश पाहुजा
७५.	नागपुर बैटरी एसोसिएशन	श्री टींकुधीर सिंग
७६.	नागपुर फायरवर्क्स डिलर्स एसोसिएशन	श्री सोहेल अमिन
७७.	नागपुर बस ओनर्स एसोसिएशन	श्री रविकांत जैन
७८.	अलॉय इंडिया रिन्युवेवल एनर्जी एसोसिएशन	श्री साकेत सुरी
७९.	विदर्भ रिलेटर्स एसोसिएशन	श्री दर्शप्रीत सिंग नागरा
८०.	संदेश दवा बाजार एसोसिएशन बिल्डिंग को.ऑप. सोसायटी लिमिटेड	श्री रामदेव अग्रवाल
८१.	राशन दुकानदार संघ	श्री रितेश अग्रवाल

वर्ष 2022–23 के लिये व्यापार प्रतिनिधी का नाम संबंधित संस्था से मनोनीत न होने के कारण अन्तिम मनोनीत व्यापार प्रतिनिधी का नाम लिखा गया है।